पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दुःख किया

लखनऊः 10 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज केरल के कुल्लम स्थित पुत्तिंगल मंदिर में आतिशबाजी से हुए हादसे में हुई अनेक लोगों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने हादसे को अत्यंत दुखदायी बताते हुए कहा है कि इस दुःख के क्षण में पूरा देश केरल के साथ है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (144/20)